सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति

राजभवन देहरादून 12 अप्रैल, 2023

राज्यपाल/कुलाधिपति लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने प्रो० एन. के. जोशी, को श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय, बादशाहीथौल, टिहरी गढ़वाल के कुलपति पद पर नियुक्त किया है। प्रो० एन. के. जोशी कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष की अवधि अथवा अधिवर्षता आयु पूर्ण होने, जो भी पहले हो, तक कुलपति के पद पर नियुक्त किये गए हैं। राजभवन में राज्यपाल ने शासन द्वारा गठित सर्च कमेटी द्वारा संस्तुत किए गए तीनों अभ्यर्थियों से अलग–अगल पारस्परिक वार्तालाप (Interaction) किया। अभ्यर्थियों से विश्वविद्यालय के संबंध में उनके विजन, रणनीति और विचारों के संबंध में वार्तालाप (Interaction) किया गया। वार्तालाप के उपरांत राज्यपाल और कुलाधिपति द्वारा प्रो0 एन.के.जोशी को कुलपति पद हेतु चयनित किया गया। संपूर्ण प्रक्रिया की पारदर्शिता और शुचिता सुनिश्चित करने के लिए वार्तालाप की वीडियो रिकॉर्डिंग की गई।

राज्यपाल/कुलाधिपति के निर्देश के क्रम में प्रदेश के सभी राजकीय विश्वविद्यालयों में कुलपति पद की चयन प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता तथा शुचिता के दृष्टिगत सर्च कमेटी द्वारा संस्तुत किये गये पैनल में सम्मिलित सभी नामों से राज्यपाल के वार्तालाप के समय की वीडियो रिकॉर्डिंग की जा रही है। इससे पूर्व वीर माधोसिंह भण्डारी उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, गो० ब० पन्त कृषि, प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वानिकी विश्वविद्यालय भरसार, पौड़ी एवं उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार के कुलपति पद पर भी सर्च कमेटी द्वारा प्रस्तुत पैनल में संस्तुत सभी अभ्यर्थियों के साथ वीडियो रिकॉर्डिंग सहित पारस्परिक वार्तालाप किया गया।

..........0..........